## इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव, कुल 4740 वकील डालेंगे वोट

**इन्दौर ।** आल इंडिया बार काउंसिल द्वारा आयोजित बार परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 182 पात्र नवीन अधिवक्ताओं की पूरक सूची मिलने के बाद आगामी 15 अप्रैल को होने जा रहे इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव की वोटर लिस्ट में 182 नाम और जोड़ दिए गए हैं इस प्रकार अब कुल 4740 वकील सदस्य इस चुनाव में वोट डालेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विवेक बापना के अनुसार संघ से मांगी गई नवीन अधिवक्ताओं की सूची तय अवधि में प्राप्त होने के बाद 182 नामो को वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है। अब कुल 4740 वकील सदस्य 15 अप्रैल को होने जा रहे इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव में वोट डालेंगे। चुनाव हेतु 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र वितरित किए जाएंगे।

## शारदोत्सव में चित्रकला , रांगोली, श्लोक पठन, सुगम गायन का आयोजन आज

**इंदौर।** महाराष्ट्र साहित्य सभा के 63वे शारदोत्सव में विविध स्पर्धाओ का आयोजन 31 मार्च,सोमवार को प्रातः 9.00 बजे से महात्मा गांधी मार्ग स्थित गांधी हॉल पर किया जावेगा। शारदोत्सव कार्याध्यक्ष स.नरेंद्र फणसे, सचिव पंकज टोकेकर एवम् प्रचार प्रमुख मृगैन गदेवाडीकर ने बताया कि स्पर्धा में इंदौर नगर के सुखलिया, कनाडिया, साईनाथ कॉलोनी, रामबाग, लोकमान्य नगर, अन्नपूर्णा, राजेंद्र नगर, सुदामा नगर, इंद्रपुरी, सिलिकॉन सिटी आदि क्षेत्रों से कलाकार अपने प्रतिभा को प्रस्तुत करेंगे।प्रातः 9 बजे से 10.30 बजे तक रांगोली स्पर्धा प्रातः 10 बजे से श्लोक पठन एवं मराठी वाचन स्पर्धा प्रातः 11 बजे से दोप. 12.30 बजे तक चित्रकला स्पर्धा विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जावेगी। द्वितीय सत्र मे दोपहर 2.30 बजे से सुगम गायन स्पर्धा विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जावेगी।




**इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को श्यामला हिल्सभोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में आई.एम. बीजेपी फ्यूचर फोर्स के दो दिवसीय बूट कैंप के दूसरे दिन सत्र को संबोधित किया।**

## कार की टक्कर से किशोरी घायल

**इंदौर।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार किशोरी को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई हादसे में उसके दांत टूट गए। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक हादसा हवा बंगला रोड के मोड पर हुआ। घायल का नाम दीपाली पिता ललित तिवारी(17) निवासी मोती नगर दशहरा मैदान सागौर कुटी है। उसकी रिपोर्ट पर कार नंबर एमपी 09 डब्ल्यू डी 2396 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। किशोरी ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर आ रही थी तभी आरोपी कार चालक हवा बंगला के सामने मोड पर गली से कार को तेज गति से चलाकर लाया और बाइक में साइड से टक्कर मार दी। इससे मैं बाइक सहित रोड पर गिर गई। गिरने से हाथ और चेहरे पर चोट लगी। दांत टूट गए। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है।

## मकान में लगी आग,फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**इंदौर।** एक मकान में आग लग गई। बताया गया कि घटना के वक्त मकान पर ताला लगा था। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। आग के कारणो का पता नहीं चल पाया है। लोगों का कहना है कि दो दिन पहले दंपति में विवाद भी हुआ था।

फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम के मुताबिक मंगल नगर में एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर गांधी हाल फायर स्टेशन से एएसआई सुशील दुबे की टीम को भेजा गया। टीम ने तीन हजार लीटर पानी की मदद से आग पर काबू पाया। आग में गृहस्थी का सामान जल गया। बताया गया है कि मकान के अंदर शराब की खाली बोतलें और अधजली सिगरेट भी पड़ी मिली। फायर ब्रिगेड को मकान में आग लगने की सूचना पड़ोसी मोहित जैन ने दी।

## कार में ले रहा था बीयर की पेटियां

**इंदौर।** पुलिस ने घेराबंदी कर एक कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी कार में दो पेटी बीयर की रखी थी। कार चालक पर कार्रवाई की जा रही है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक शहीद पार्क सर्विस रोड पर नीले रंग की कार (एमपी 09 डब्ल्यूएम 7607) संदिग्ध खड़ी दिखाई दी। टीम ने घेराबंदी कर मौके पर चालक को पकड़ा। कार की तलाशी लेने पर दो पेटी बीयर बरामद हुई। पुलिस ने कार चालक अक्षय राठौर पिता अवधेश राठौर निवासी स्कीम नंबर 136 को गिर तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## बेटों ने मां पर आरोप लगाकर पीटा

**इंदौर।** एक महिला पर दूसरों से बात करने का आरोप लगाकर उसके ही बेटों ने बुरी मारपीट कर दी। मामले में चंदन नगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके बेटों पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घटना गीता नगर क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता के साथ हुई।

उसकी रिपोर्ट पर बेटों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी महिला ने पुलिस को बताया कि मेरे मोबाइल फोन पर किसी व्यक्ति का काल आया। वह मुझसे आर्थिक मदद को लेकर बात करने लगा तभी मेरे दोनों लडके़ मुझे गालियां देने लगे। बोले कि तू गैर मर्दों से रात में क्यों बात कर रही है। जब मैंने बेटों से कहा कि मैं किसी गैर मर्द से बात नहीं कर रही। समाज में मैंने रूपए की मदद के लिए अर्जी दी थी उन्हीं लोगों का फोन आ रहा है। फोन चेक कर लो। इस पर आरोपी बेटों ने विवाद किया और मारपीट की।

# युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर मारपीट

## बीच बचाव में आई बहन और दोस्त को भी पीटा

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** सराफा इलाके में एक युवती के साथ मनचले ने छेड़छाड़ की। जब युवती ने विरोध किया तो वह विवाद करने लगा। इस दौरान युवती की बहन और दोस्त बीच बचाव करने के लिए आए तो आरोपी का साथी भी आ गया और दोनों ने मिलकर युवती, उसकी बहन व दोस्त के साथ बुरी तरह मारपीट कर दी। शनिवार की रात हुई इस घटना के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सराफा पुलिस ने साधुवासवानी नगर निवासी युवती की शिकायत पर एक मनचले और उसके साथी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, युवती अपनी बहन और दोस्त के साथ छोटा सराफा स्थित एक ढाबे पर खाना खाने गई थी। वहां दुकान से थाली लेते समय आरोपी ने युवती को बैड टच किया। युवती के इग्नोर करने पर युवक ने अश्लील कमेंट्स किए। जब युवती ने विरोध किया, तो उसने दोबारा कंधे पर गलत इरादे से टच किया। युवती के मना करने पर आरोपी ने अपशब्द कहने शुरू कर दिए। जब युवती का दोस्त बीच-बचाव करने आया, तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर धक्का दे दिया। इसी दौरान युवती की बहन भी बीच में आई, तो आरोपी का साथी भी आ गया। दोनों ने मिलकर युवती और उसकी बहन के बाल पकड़कर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान एक आरोपी ने युवती के मुंह पर लात मार दी, जिससे उसे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची युवती का मेडिकल परीक्षण करवाया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### यहां युवती का फोड़ दिया सिर

युवती के साथ मारपीट की एक और घटना एरोड्रम इलाके में हुई। यहां युवती को रोककर आरोपी ने शादी करने के लिए दबाव बनाया। इंकार करने पर आरोपी ने उसकी पिटाई की और सिर में पत्थर से वार कर दिया। एरोड्रम पुलिस ने नगीन नगर निवासी 30 वर्षीय युवती की शिकायत पर गजानंद वर्मा निवासी नूरी मस्जिद के पास के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी गजानद मुझे कालानी नगर सब्जी मंडी मेन रोड पर मिला जो मुझसे शादी करने का कह रहा था मैंने मना कर दिया तो उसने विवाद करते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट कर पत्थर से सिर पर मारा जिससे चोट लगी। आरोपी जाते जाते बोला कि अगर मुझे शादी नहीं की तो जान से खत्म कर दूंगा।

### पत्थर मारकर किशोरी का सिर फोड़ा

उधर, पंढरीनाथ इलाके में एक आरोपी ने पत्थर मारकर मां के साथ जा रही नाबालिग किशोरी को घायल कर दिया। पुलिस ने किशोरी की मां माया बैरागी निवासी मूसाखेड़ी की शिकायत पर करण गुजराती निवासी विदुर नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। गुरूद्वारा जवाहर मार्ग के समीप आरोपी करण ने पत्थर फेंककर मारा जो कि 14 वर्षीय बालिका के सिर पर जा लगा। जिससे उसे चोट आई।

# बिल्डिंग से गिरे ड्राइवर ने दम तोड़ा

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक बिल्डिंग से गिरने से ड्राइवर की मौत हो गई। घायल अवस्था में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना खुड़ैल थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सुनील दरबार (35)के रूप में हुई है, जो नीलगिरी परिसर में रहता था। परिवार के मुताबिक, सुनील ड्राइवरी का काम करता था और अमावस्या होने के कारण शनिवार को घर पर ही था। कुछ देर के लिए बाहर जाने की बात कहकर निकला, तभी परिजनों को तेज आवाज सुनाई दी। बाहर झांककर देखा तो सुनील जमीन पर गिरा हुआ था। स्थानीय लोग भी मौके पर जमा हो गए और परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन बचाया नहीं जा सका।

### ठीकरी का रहने वाला था मृतक

परिजनों का कहना है कि सुनील मूल रूप से ठीकरी का रहने वाला था। उसकी पत्नी दीपिका, 10 साल की बेटी और डेढ़ साल का बेटा है। बाकी परिवार अभी भी ठीकरी में रहता है ।पुलिस इस घटना को हादसा और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि सुनील गलती से गिरा या उसने खुदकुशी की। पुलिस मामले में परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।




परशुराम सेना व वीर शिवाजी ग्रुप द्वारा मालवा मिल चौराहे पर गुड़ी पड़वा पर गुड़ धनिया बांटा गया

# ढाबा संचालक से मारपीट रुपए मांग रहे थे आरोपी

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** ढाबा संचालक से आरोपियों ने रुपयों की मांग की। मना करने पर मारपीट की और भाग गए। किशनगंज पुलिस ने संदीप मालवीय निवासी महुगांव की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल पिता ओमप्रकाश वर्मा और कुलदीप व अन्य साथी पर केस दर्ज किया है। घटना बाबा दा ढाबा भैंसलाय में हुई। आरोपियों ने फरियादी से अड़ीबाजी कर ढाबा चलाने के लिए रूपए मांगे मना करने पर गालियां देकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### चचरे भाइयों पर घर में घुसकर हमला

आपसी विवाद में घर में घुसकर आरोपियों ने चचेरे भाइयों पर हमला कर दिया। लात घूंसों से पीटा और चाकू से वारकर घायल कर दिया। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना अहीरखेड़ी कांकड में हुई। फरियादी गुरू पिता तूफान राठौर की रिपोर्ट पर आरोपी अभय सोलंकी निवासी अहीरखेड़ी कांकड़ और टमटू सोलंकी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं और मेरे काका का लडक़ा सूर्या दोनों घर पर खाना खा रहे थे तभी आरोपी अभय सोलंकी और उसका भाई टमटू घर के अंदर घुस आए। आते ही उन्होंने दो दिन पहले की कहासुनी की बात को लेकर गालियां दी। हमने गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट की और चाकू से वार कर दिया। इससे कंधे और हाथ में चोट आई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और चले गए।

# किसान का शव मिला, हत्या का केस दर्ज

## जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

**इंदौर।** एक खेत में पुलिस को किसान का शव मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान होना पाए जाने पर अज्ञात आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पैतृक जमीन को लेकर मृतक का विवाद चल रहा था।

जोन 2 के एडिशनल पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार सुबह थाना क्षेत्र के बढियाकीमा में अधेड़ का शव मिला था। शव की पहचान कनाडिया गांव के रहने वाले बाबूलाल(55) के रुप में हुई थी। शव को पीएम के लिए भेजा था। इसमें पता चला कि अधेड़ के साथ डंडे से मारपीट की गई है। घटना स्थल पर मिले कुछ साक्ष्य और मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। परिजनों ने बताया कि शनिवार को संदेही युवक घर आया था। संदेही युवक और बाबूलाल ने चाय नाश्ता किया। कुछ देर बाद संदेही चला गया। बाबूलाल संदेही से बात करने खेत पर गया। पुलिस ने बताया कि पैतृक जमीन को लेकर लंबे समय से परिवार से जुड़े कुछ सदस्यों का बाबूलाल से विवाद चल रहा था।

### निगमकर्मियों को दी सायबर सुरक्षा की जानकारी

इंदौर। शहर में लगातार बढ़ते सायबर अपराधों को रोकने पुलिस लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में शनिवार को राज्य सायबर सेल ने कार्यशाला आयोजित की। सेल के पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला नगर निगम के पिपल्याहाना जोनल कार्यालय पर में आयोजित की गई। इसमें नगर निगम कर्मचारी एवं आगंतुक को सायबर सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में निरीक्षक राजकुमार लिटोरिया, उप निरीक्षक अंबाराम बारूड, सहायक उपनिरीक्षक धीरज सिंह गौर द्वारा आधुनिक समय में सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, हैकिंग से बचाव, मोबाइल प्रायवेसी सेटिंग्स आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर पम्पलेट एवं बुकलेट्स का वितरण किया।



आज गुड़ी पड़वा पर राजवाड़ा पर किया गया सूर्य अर्घ्य

### बाइक से स्कूटी को टक्कर मार स्कूटी लूटने का किया प्रयास, दो गिरफ्तार

**इन्दौर ।** बाइक से टक्कर मार स्कूटी सवार को गिरा उसकी स्कूटी छीनने का प्रयास करने वाले दो लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मामला भंवरकुआं थाना क्षेत्र का है। भंवरकुआं थाना पुलिस के अनुसार विजयकुमार चोपड़ा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते बताया कि वे अपनी स्कूटी एमपी 09 डी एफ 9640 से एयरटेल बैंक पेमेंट का कलेक्शन करने विशेष जूपिटर हॉस्पिटल के सामने से जा रहे थे। तब एक मोटरसाइकिल नंबर एमपी 09 ए जे 6286 के चालक ने उनको पीछे से टक्कर मार गिरा दिया और उनकी स्कूटी छीन कर भागने लगे।

# चिड़ाने की बात पर कर दिया लहूलुहान

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** चिड़ाने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने युवक के सिर में पेंचकस मारकर लहुलुहान कर दिया। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक घटना अशोक नगर इलाके की है। पुलिस ने फरियादी रमेश पिता बाबूलाल अंजले की शिकायत पर मुकेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं शीतला माता मंदिर के पास किराना दुकान के सामने बैठा था तभी मुकेश आया। वह मुझे आए दिन किसी न किसी बात को लेकर चिड़ाता रहता है। मैंने इसका विरोध किया तो वह बोला कि तो तो मजाक करूंगा और मुझे गालियां देने लगा। जब उसे गालियां देने से मना किया तो उसने पेंचकस से मेरे सिर पर वार कर दिया। लात घूसों से भी पीटा। इसके बाद जाते जाते बोला कि आज तो बच गया आइंदा मुझसे उलझा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

### मारपीट, तोड़फोड़ के अलग अलग मामलों में दोनों पक्षों पर केस दर्ज

**इन्दौर ।** मारपीट करते मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ करने और ऑफिस में घुस कर मारपीट तथा तोड़फोड़ करने के मामलों में फरियादी और आरोपी दोनों पक्षों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला किशनगंज थाना क्षेत्र का है।? जहां युवराज राजे निवासी विश्वास नगर बंजारी की शिकायत पर नानूराम, नितेश, कन्हैया, मुकेश और उनके साथियों पर केस दर्ज किया है। उन्होंने युवराज के ऑफिस में घुस कर उसके साथ मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ की। वहीं नितेश मीणा की शिकायत पर युवराज के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है।

# इंदौर में दिखा ईद का चांद, आज मनेगी ईद

## शहर काजी ने की घोषणा, सुबह 6.30 बजे से पढ़ी जाएगी नमाज

**इन्दौर ।** रमजान के महीने के समापन के साथ ही ईद-उल-फितर का पवित्र त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। रविवार शाम शहर काजी ने चांद नजर आने की पुष्टि कर दी है।



शहर काजी डॉ. इशरत की अगुआई में चांद का दीदार किया गया, साथ ही प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से भी इसकी तस्दीक हुई। अब सोमवार को ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, जिसके बाद लोग गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देंगे। इस अवसर पर विशेष दुआएं की जाएंगी और जरूरतमंदों में फितरा व जकात बांटी जाएगी। ईद के करीब आते ही इंदौर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। खरीदारी का उत्साह चरम पर है, और लोग देर रात तक बाजारों में उमड़ रहे हैं। कपड़ों से लेकर सेवइयों तक हर दुकान पर ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे रही है। खासतौर पर सेवइयां, मेवा, कपड़े, जूते, टोपियां, रूमाल, इत्र और चूड़ियों की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी हुई है। इंदौर में हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर राजवाड़ा में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5-30 बजे हुई। कार्यक्रम में द्वीप प्रज्वलन और संस्कार भारती का ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया। यहां सभी ने उगते सूर्य को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अर्घ्य देकर नव वर्ष का स्वागत किया। इसके बाद दोपहर से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

### दंपती के झगड़े में समझाया तो कान काटा

पत्नी के साथ झगड़ा कर रेह युवक को फरियादी ने समझाइश दी तो गुस्साए पति ने उसको जमकर पीटा और दांतो से कान काट लिया। तिलकनगर पुलिस के मुताबिक घटना फरियादी गोपाल पिता श्रीराम सेन निवासी पिपल्याहाना की रिपोर्ट पर पड़ोसी सोनू पिता प्रेम शंकर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि सोनू अपनी पत्नी से लड़ाई कर रहा था मैंने उससे कहा कि तू झगड़ा क्यों कर रहा है। इस बात को लेकर सोने ने गालियां दी। बोला कि तू हमारे बीच में बोलने वाला कौन होता है। मैंने उसे गालियां देने से मना किया तो उसने लात घूसों से मारपीट की और अपने दांत से मेरे बाएं कान में काट लिया। मेरी पत्नी और मोहल्ले के अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। आरोपी मुझसे बोला कि आइंदा मेरे बीच में बोला तो जान से खत्म कर दूंगा।

### एमआईसी मेंबर मनीष मामा की कार का एक्सीडेंट, सभी सुरक्षित

**इन्दौर ।** नर्मदा स्नान और दर्शन कर लौट रहे इंदौर नगर निगम के पार्षद और एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा की कार का एक्सीडेंट हो गया। घटना धामनोद थाना क्षेत्र की है। हालांकि एक्सीडेंट में कोई में जन हानि नहीं हुई सभी सुरक्षित है। मौका पर धामनोद थाना पुलिस के जवान पहुंच गए थे। वे उनके साथ मनीष शर्मा परिवारजनों सहित थाने पर पहुंचे फिलहाल वे धामनोद थाने पर सुरक्षित है।